रोल नं. | | | | | | | |

**SERIES – 10/2007/2**

**SUBJECT CODE NO. : 201/2** **प्रश्न-पत्र कोड नं० : 2**

- *इस प्रश्न-पत्र में 90 बहुवैकल्पिक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
- *उत्तर पत्रक पर विवरण लिखने/उत्तर देने के लिए काले/नीले बॉल प्वॉइन्ट पेन का प्रयोग करें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 12 हैं।*
- *प्रश्न-पत्र का उत्तर लिखने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उन्हें पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र दिया गया है अथवा नहीं। परीक्षा के उपरान्त इस विषय में कोई भी शिकायत, यदि कोई हो, नहीं सुनी जाएगी।*
- *प्रश्न-पत्र में बाएं हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र ओ.एम.आर पर लिखें।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए पेपर कोड नम्बर को छात्र ओ.एम.आर पर लिखें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 90 प्रश्न हैं।*
- *अपठित उत्तर या ऐसे उत्तर जिन्हें काटा या बदला गया है, निरस्त कर दिए जाएँगे।*
- *दिए गए 4 विकल्पों में से परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है।*
- *परीक्षार्थी उत्तर पत्रक पर अपना अनुक्रमांक अंकों के साथ-साथ गोले में भी भरें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं. प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

# हिन्दी

## (Only for Re-appear Candidates)

## SEMESTER–I (Objective Type)

*समय : 1½ घंटे ]* *[ पूर्णांक : 90*

**1.** इनमें से कौन-सी रचना कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' की नहीं है

(A) इतिहास दर्शन (B) जिएँ तो ऐसे जिएँ

(C) धरती के तारे (D) बाजे पायलिया के घुँघरू

**2.** 'परशुराम की प्रतीक्षा' कविता का संबंध किससे है

(A) 1971 में हुए पाकिस्तान के आक्रमण से

(B) 1947 में हुए कश्मीर पर हमले से

(C) 1962 में हुए चीन के आक्रमण से

(D) 1965 में हुए पाकिस्तान के आक्रमण से

**3.** भिक्षुक के साथ कितने बच्चे हैं

(A) पाँच (B) दो (C) तीन (D) चार

**4.** 'बादल राग' कविता में कवि गगन का कौन-सा छोर देखना चाहता है

(A) जहाँ से चन्द्रमा दिखाई देता है (B) जहाँ से सूर्य उदय होता है (C) जहाँ सूर्यास्त होता है
(D) जहाँ से बादल आते हैं

**5.** 'सखि, निरख नदी की धारा'। इस पंक्ति में अलंकार है

(A) उपमा (B) यमक (C) श्लेष (D) अनुप्रास

**6.** 'कबीर माया मोहिनी, जैसे मीठी खांड।' इस पंक्ति में अलंकार है

(A) यमक, श्लेष (B) उपमा, अनुप्रास

(C) अनुप्रास, यमक (D) श्लेष, उपमा

**7.** 'जगती जगती की मूक प्यास।' इस पंक्ति में अलंकार है

(A) श्लेष (B) अनुप्रास (C) यमक (D) उपमा

**8.** 'चुनना' की भाववाचक संज्ञा है

(A) चुनी (B) चुनौती (C) चुना (D) चुनाव

**9.** जो क्रियाएं मुख्य क्रिया को विशिष्ट अर्थ-छवि प्रदान करती हैं, उन्हें ........... कहते हैं

(A) संयुक्त क्रियाएं (B) संयोजी क्रियाएं
(C) रंजक क्रियाएं (D) सहायक क्रियाएं

**10.** 'रेखा ने कल भोजन अवश्य किया होगा'- इस वाक्य में भूतकाल का भेद है

(A) आसन्न भूत (B) संदिग्ध भूत
(C) पूर्ण भूत (D) हेतु हेतु मद् भूत

**11.** लेखक को उधार लेकर बच्चे का जन्मोत्सव मनाने का सुझाव दिया था

(A) पड़ोसियों ने (B) पुजारी ने (C) सेठ ने (D) पत्नी ने

**12.** 'खाने-खिलाने का राष्ट्रीय शौक' नामक व्यंग्य रचना प्रहार करती है

(A) दहेज के नाम पर भारतीय समाज पर
(B) भ्रष्टाचार के कुचक्र में फँसे वर्तमान पर
(C) धर्म के नाम पर फैले प्रपंच पर
(D) शिक्षा के नाम पर फैली अनैतिकता पर

**13.** 'निराला जी मैली तहमद बाँधे और काँधे पर कुरता डाले घूमते रहते थे'

(A) काशी में (B) डलमऊ में
(C) कोलकाता में (D) अमीनाबाद में

**14.** 'राजस्थान के एक गाँव की तीर्थयात्रा' में जिस गाँव का वर्णन किया गया है, वह है

(A) तिलीमिया (B) तिनोलिया (C) तिलोनिया (D) तिमोलिया

**15.** भोजन कक्ष में भोजन कैसे किया गया

(A) फर्श पर बैठकर (B) चारपाई पर बैठकर
(C) पटड़ों पर बैठकर (D) कुर्सियों पर बैठकर

**16.** बुद्धन की आँखों से झर-झर आँसू क्यों बहने लगे थे

(A) आँखों में कुछ पड़ जाने से (B) पीड़ा से
(C) चिंता से (D) आनंदातिरेक से

**17.** 'मैं और मेरा देश' किस प्रकार का निबंध है

(A) व्यंग्यात्मक (B) भावात्मक
(C) विचारात्मक (D) वर्णनात्मक

**18.** मुँबई को जाने वाली सड़क का नाम था

(A) नवाबी (B) रजवाड़ी (C) करनैली (D) जरनैली

**19.** प्रभाकर जी के चिंतन पर स्पष्ट प्रभाव है

(A) भौतिकतावाद का (B) गांधीवाद का (C) समाजवाद का
(D) मनोविश्लेषणात्मकता का

**20.** कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' का जन्म हुआ था

(A) 1912 में (B) 1901 में (C) 1906 में (D) 1909 में

**21.** गोपियों की दृष्टि में श्रीकृष्ण का प्रेम मीठा है

(A) चीनी की तरह (B) दाख की तरह
(C) गुड़ की तरह (D) आम की तरह

**22.** निराला की हमारी पाठ्य-पुस्तक में संकलित दोनों कविताएं किस छंद में हैं

(A) मुक्त (B) सवैया (C) चौपाई (D) दोहा

**23.** 'अरे वर्ष के हर्ष !' में निहित है

(A) इनमें से कोई नहीं (B) अभिधात्मकता
(C) लक्षणात्मकता (D) व्यंजनात्मकता

**24.** 'पत्रा हीं तिथि पाइयै' में 'पत्रा' क्या है

(A) पैंतरा (B) पत्ता (C) पंचांग (D) पतरा

**25.** 'को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के वीर।' इस पंक्ति में अलंकार है (A) श्लेष (B) उपमा
(C) अनुप्रास (D) यमक

**26.** 'वही उठती उर्मियों-सी शैलमालाएं।' इस पंक्ति में अलंकार है
(A) श्लेष (B) उपमा (C) अनुप्रास (D) यमक

**27.** 'निपट निरंकुस निठुर निसंकू।' इस पंक्ति में अलंकार है
(A) यमक (B) उपमा (C) श्लेष (D) अनुप्रास

**28.** 'बात' की नाम धातु क्रिया है
(A) बतियाना (B) बातें (C) बातूनी (D) बातों

**29.** 'हमारे कप्तान ने <u>दुहरा</u> शतक लगाकर हमें विजय दिला दी'- इस वाक्य में रेखांकित शब्द विशेषण है
(A) गणनासूचक (B) समुदायसूचक
(C) क्रमसूचक (D) आवृत्तिसूचक

**30.** हिन्दी की लिपि है
(A) देवनागरी (B) रोमन (C) फ़ारसी (D) गुरुमुखी

**31.** किस गरीब लड़के को निराला जी स्वयं पढ़ाते थे
(A) चतुरी (B) चतुर (C) चतरी (D) चतर

**32.** प्रयोगवाद को छोड़कर प्रगतिवादी साहित्य से जुड़ने वाले साहित्यकार हैं
(A) रामविलास शर्मा (B) भीष्म साहनी
(C) मुंशी प्रेमचन्द (D) रामवृक्ष बेनीपुरी

**33.** 'इस नए समाज के लिए भी हमें ............ चाहिए'
(A) आस्था की ईंट (B) मजबूत ईंट
(C) नींव की ईंट (D) छोटी ईंट

**34.** भीष्म साहनी दिल्ली के ज़ाकिर हुसैन कॉलेज में क्या पढ़ाते थे

(A) पंजाबी (B) हिन्दी (C) फ़ारसी (D) अंग्रेजी

**35.** भीष्म साहनी के अनुसार संस्थान कितने स्कूल चला रहा है

(A) 225 (B) 150 (C) 175 (D) 200

**36.** लोकमान्य तिलक ने मांडले जेल में रचना की थी

(A) इनमें से कोई नहीं (B) गीता रहस्य की

(C) वेद रहस्य की (D) पुराण रहस्य की

**37.** लोकमान्य ने कारावास में कितने वर्ष बिताए थे

(A) आठ वर्ष (B) दो वर्ष (C) चार वर्ष (D) छः वर्ष

**38.** लेखक को भारत जी के घर में कौन-सा काम नहीं करना पड़ा

(A) बर्तन साफ करना (B) खाना बनाना

(C) चाय बनाना (D) कपड़े धोना

**39.** निराला ने बादलों की गर्जन-तर्जन से प्रकट किया है

(A) प्रकृति सौंदर्य (B) नाद सौंदर्य

(C) भाव सौंदर्य (D) शब्द सौंदर्य

**40.** 'परशुराम की प्रतीक्षा' कविता में रस है

(A) रौद्र रस (B) श्रृंगार रस (C) करुण रस (D) वीर रस

**41.** किसान दूसरों को गेहूँ खिलाकर स्वयं क्या खाता है

(A) मक्का (B) चावल (C) चने (D) कोदई

**42.** 'मीत, न नीति, गलीतु, ह्वै, जो धरियै धनु जोरि।
खाएँ खरचैं जौ जुरै, तो जोरियै करोरि।।
इस दोहे में कवि का स्वर है

(A) विरोधात्मक (B) समन्वयात्मक

(C) आह्लादात्मक (D) उपदेशात्मक

**43.** 'अली, कलि ही सौं बंध्यौ' में 'कलि' से तात्पर्य है

(A) अपूर्ण यौवन (B) बर्तन की कलई

(C) फूल की कली (D) कलई खुलना

**44.** तुलसी की राम के प्रति भक्ति भावना है

(A) निष्काम भाव की (B) माधुर्य भाव की

(C) सख्य भाव की (D) दास्य भाव की

**45.** वह वस्तु या व्यक्ति जिसका वर्णन किया गया हो, ............. कहलाता है

(A) समानधर्म (B) उपमेय (C) उपमान (D) वाचक शब्द

**46.** जहाँ एक शब्द के साथ एक से अधिक अर्थ चिपके हों, वहाँ ........... अलंकार होता है

(A) श्लेष (B) यमक (C) अनुप्रास (D) उपमा

**47.** '<u>थोड़ा</u> खाओ, <u>खूब</u> चबाओ।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द हैं

(A) कालवाचक क्रिया-विशेषण (B) विशेषण

(C) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण (D) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण

**48.** भाषा के रूप हैं

(A) चार (B) एक (C) दो (D) तीन

**49.** 'तमिल' किस भाषा-परिवार की भाषा है

(A) तिब्बत बर्मी (B) भारोपीय (C) द्रविड़ (D) आग्नेय

**50.** भारतीय संस्कृति और सभ्यता की प्रमुख विशेषता है

(A) साम्प्रदायिक सद्भाव (B) एकभाषिता

(C) बहुभाषिता (D) अनेकता में एकता

**51.** दधीचि कौन थे

(A) एक सेवक (B) एक ऋषि

(C) एक राजा (D) एक व्यापारी

**52.** सुन्दर सृष्टि हमेशा क्या खोजती है

(A) आत्मविश्वास (B) उत्साह

(C) साहस (D) बलिदान

**53.** रामवृक्ष बेनीपुरी को ............. निबंधों के क्षेत्र में विशेष ख्याति मिली है

(A) वैज्ञानिक (B) साहित्यिक

(C) वाणिज्यिक (D) ललित

**54.** सेठ हीरामल का फ़लसफ़ा क्या है

(A) नाच न जाने आँगन टेढ़ा (B) इस हाथ ले उस हाथ दे (C) नौ नकद न तेरह उधार (D) अटका बनिया देत उधार

**55.** लद्दाख में लगभग कितने परिवारों को सौर ऊर्जा का लाभ प्राप्त हुआ है

(A) 1200 (B) 900 (C) 1000 (D) 1100

**56.** निराला जी के अधलिखे पोस्टकार्ड उनकी किस विशेषता के परिचायक हैं

(A) भावुकता के

(B) आलस्य के

(C) भाषा गठन के प्रति सजगता के

(D) अक्षरों की बनावट के प्रति सजगता के

**57.** जेल के जिस वार्ड में सुभाष चन्द्र बोस रहते थे, वह बना था

(A) बाँस के टुकड़ों से (B) लोहे की चद्दरों से

(C) लकड़ी के तख्तों से (D) सीमेंट की दीवारों से

**58.** एम्बुलेंस किस जिले की थी

(A) इलाहाबाद (B) लखनऊ (C) प्रतापगढ़ (D) कानपुर

**59.** अज्ञेय स्वयं को किनकी कथा मानता है

(A) नेताओं की (B) कवियों की

(C) मेहनती लोगों की (D) उद्योगपतियों की

**60.** अज्ञेय ने स्वयं को माना है

(A) शक्तिमान (B) धनवान (C) गुणवान (D) सौंदर्यवान

**61.** 'यह जो नंगे बदन, दम साध पानी में धंसता है',- वह पानी से बाहर क्या लेकर आता है

(A) रेत (B) मछलियां (C) सीपियां (D) मोती

**62.** 'राम-वन-गमन' में प्रयुक्त छंद है

(A) मंदाक्रांता (B) दोहा-चौपाई (C) सवैया (D) कवित्त

**63.** तुलसीदास के अनुसार, करोड़ों कामदेवों को भी लज्जित कर देने वाला सौंदर्य है

(A) राम का (B) लक्ष्मण का (C) सीता का (D) हनुमान का

**64.** तुलसीदास के लिए कल्पवृक्ष के समान कौन है

(A) गुरु का नाम (B) राम का नाम

(C) कृष्ण का नाम (D) शिव का नाम

**65.** 'कारखानों से अत्यंत विषैला पदार्थ निकलता है।' इस वाक्य में रेखांकित 'अत्यंत' है

(A) भाववाचक संज्ञा (B) विशेषण
(C) प्रविशेषण (D) निपात

66. नीचे लिखे वाक्यों में भाववाच्य वाक्य है
(A) मैं हँस रहा हूँ (B) मैं हँसता हूँ
(C) मुझसे हँसा जाता है (D) मैं हँसा हूँ

67. 'हस्ताक्षर' शब्द का बहुवचन है
(A) हस्ताक्षरियां (B) हस्ताक्षर
(C) हस्ताक्षरों (D) हस्ताक्षरें

68. भाषा संबंधी नियमों की पूरी व्यवस्था को कहते हैं
(A) समाजशास्त्र (B) व्याकरण (C) साहित्य (D) विज्ञान

69. हमारे देश के पश्चिमी भागों में जिसे विशेष साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्व प्राप्त है, वह है
(A) खड़ी बोली (B) बुंदेली (C) हरियाणवी (D) कन्नौजी

70. शासन और शिक्षा की भाषा हिन्दी है
(A) गुजरात में (B) आंध्र प्रदेश में
(C) झारखण्ड में (D) महाराष्ट्र में

71. 'गेहूँ और गुलाब' रचना है
(A) भीष्म साहनी की (B) रामवृक्ष बेनीपुरी की
(C) रामविलास शर्मा की (D) गोपाल चतुर्वेदी की

72. तुर्की का राष्ट्रपति था
(A) कमाल रहमान (B) कमाल पाशा (C) कमाल खाँ
(D) कमाल ख़ान

73. प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को एक किसान ने क्या उपहार दिया था

(A) चटाई (B) पलंग (C) खाट (D) कुर्सी

**74.** लेखक के अनुसार खाना खिलाना कैसा दुष्चक्र है

(A) समाज का (B) प्रेम का (C) संबंधों का (D) विवशता का

**75.** महतो के बटुए में छल्ला किस धातु का था

(A) चाँदी का (B) सोने का

(C) तांबे का (D) लोहे का

**76.** चातक पुत्र गंगाजल पीने के लिए कितने दिन की उड़ान पर गया था

(A) नौ दिन की (B) तीन दिन की

(C) पाँच दिन की (D) सात दिन की

**77.** लोकमान्य तिलक की जेल की कोठरी में कितने लोग रहते थे

(A) चार (B) एक (C) दो (D) तीन

**78.** मोटर साइकिल के इंतजार में भारत जी की कितनी देर सेवा करनी पड़ी

(A) दो महीना (B) 15 दिन (C) एक महीना (D) डेढ़ महीना

**79.** वीरों का अभिनंदन कौन करती है

(A) दुर्गा (B) लक्ष्मी (C) सरस्वती (D) पार्वती

**80.** 'तुम स्वयं मरण के मुख पर चरण धरो रे !'

इस पंक्ति से तात्पर्य है :

(A) मौत के मुँह में पैर रख दो

(B) मौत से डरो

(C) मौत पर पैर रख दो

(D) मौत से कभी मत डरो

**81.** दिनकर के अनुसार जीव का वास्तविक उद्देश्य क्या है

(A) विज्ञान (B) सुख (C) धर्म (D) जीवन

**82.** श्रीकृष्ण के जन्म के वर्णन पर कवि ने अपने कथन में किस तत्व का समावेश किया है

(A) मनोरंजक (B) लौकिक (C) अलौकिक (D) चमत्कारिक

**83.** गोपियों ने 'ठगी का सौदा' किसे कहा था

(A) सुन्दर वेशभूषा को (B) मीठी बातों को
(C) योग साधना को (D) भक्ति भावना को

**84.** 'काहे कौं हम ब्रज-तन आवतिं, खेलती रहतिं आपनी पौरी।' यह पंक्ति श्रीकृष्ण से किसने कही थी

(A) कुब्जा ने (B) गोपी ने (C) यशोदा ने (D) राधा ने

**85.** 'कवि' का बदला हुआ लिंग है

(A) कवियत्रि (B) कवियत्री
(C) कवयित्री (D) कवित्री

**86.** 'सोनिया तेज़ दौड़ती है।' इसमें 'तेज़' शब्द है

(A) क्रिया-विशेषण (B) क्रिया
(C) विशेषण (D) निपात

**87.** सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं

(A) आठ (B) दो (C) चार (D) छः

**88.** हिन्दी का संबंध है

(A) आग्नेय परिवार (B) द्रविड़ परिवार से
(C) तिब्बत-बर्मी परिवार से (D) भारोपीय परिवार से

**89.** देशी-विदेशी भाषा विज्ञानियों ने भारत को कहा है

(A) विविध भाषिक क्षेत्र (B) एक भाषिक क्षेत्र
(C) भिन्न भाषिक क्षेत्र (D) अनेक भाषिक क्षेत्र

**90.** हमारे देश में जिस भाषा परिवार की भाषाएं बोली जाती हैं, वह है